# निरीक्षण आख्या

**दिनांक 07.02.2015** को जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, पिथौरागढ़ द्वारा पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत प्रस्तावित **डीडीहाट– पमस्यारी मोटर मार्ग निर्माण** में प्रभावित हो रहे बॉज वृक्षों के संदर्भ में सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता व स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया।

प्रस्तावित मार्ग की **कुल लम्बाई0 7.675 किमी0 है** जिसमें विभिन्न प्रजातियों **के कुल 349 वृक्षों** प्रभावित हो रहे है जिनमें **से 97 वृक्ष बांज प्रजाति** के है। इसके अतिरिक्त बांज प्रजाति के **95 वृक्ष 0–10 व्यास श्रेणी** के है जिनका प्रत्यारोपण किया जायेगा। यह मार्ग पूर्व में निर्मित मार्ग के विस्तार के रूप में है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना के दिशा निर्देशों के **अनुसार 250 जनसंख्या से अधिक जनसंख्या वाले गॉव** को जोडने की बाध्यता है। इस बाध्यता के अनुरूप यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान प्राप्त तथ्यों के अनुरूप मार्ग निर्माण में प्रभावित होने वाले बांज वृक्षों के पातन का प्रस्ताव उचित प्रतीत होता है। अतः प्रस्ताव से सहमति व्यक्त की जाती है।

**(संतोष विजय** शर्मा)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

## कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।

*Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक – 2069 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 12.03. 2015.

**प्रतिलिपि** – निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं इस आशय से कि प्रभावित होने वाले वृक्षो की पुर्नगणना कर संशोधित स्थिति / प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

1. प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़, वन प्रभाग, पिथौरागढ़।
2. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, पी0एम0जी0एस0वाई0, पिथौरागढ़।

**(संतोष विजय** शर्मा)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।